# कार्यवृत्त

[संक्षिप्त कार्य-विवरण]

---------

बुधवार, 22 माघ, शक संवत् 1947

(11 फरवरी, 2026 ई0)

खण्ड-531
अंक-03

विधान सभा का कार्य सभा-मण्डप, लखनऊ में दिन के 11:00 बजे श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में आरम्भ हुआ।

वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2026-2027 के आय-व्ययक को ई-विधान के माध्यम से प्रस्तुत किया।

श्री अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि मा0 मुख्य मंत्री जी की ओर से मा0 सदस्यों के लिए आज दोपहर में लंच की व्यवस्था है। तदुपरान्त श्री अध्यक्ष ने मध्याह्न भोज हेतु सदन की कार्यवाही अपराह्न 02 बजकर 30 मिनट तक के लिए स्थगित की।

सदन की कार्यवाही अपराह्न 02 बजकर 30 मिनट पर श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में पुनः आरम्भ हुई।

श्री अध्यक्ष के पीठासीन होते ही श्री इकबाल महमूद ने उत्तर प्रदेश विधान सभा के कायाकल्प के लिए श्री अध्यक्ष की सराहना करते हुए कहा कि गुलिस्तां कालोनी, लखनऊ में आवंटित अपने जर्जर आवास को दुरुस्त कराए जाने का अनुरोध किये जाने पर श्री अध्यक्ष द्वारा संसदीय कार्य मंत्री को इंगित किये जाने पर संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि इसे आज ही दिखवा लेते हैं।

**आज दिनांक 11 फरवरी, 2026 को नियम-301 के अन्तर्गत कुल 72 सूचनाएं प्राप्त हुईं, निम्नलिखित माननीय सदस्यों की सूचनाएं स्वीकार की गईं :-**

| मा0 सदस्य का नाम | विषय |
|---|---|
| 1-इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई | मृत्यु प्रमाण-पत्रों में मृत्यु का कारण प्रदर्शित कराने विषयक। |
| 2-डॉ0 रागिनी | जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र मछलीशहर में सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |

| मा0 सदस्य का नाम | विषय |
| --- | --- |
| 3-श्रीमती सरोज कुरील | जनपद कानपुर नगर के विधान सभा क्षेत्र घाटमपुर के अन्तर्गत ग्राम रामपुर में श्मशान घाट में मूलभूत सुविधाएँ प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 4-श्री बावन सिंह | जनपद गोण्डा के कटरा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पेयजल योजना के अन्तर्गत कार्यों के उपरान्त क्षतिग्रस्त हुए मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 5-श्रीमती सलोना कुशवाहा | जनपद शाहजहांपुर के तिलहर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ब्लाक निगोहीं में राजकीय कन्या महाविद्यालय की स्थापन किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 6-श्रीमती ओममणी वर्मा | जनपद बाँदा के विधान सभा क्षेत्र नरैनी के अन्तर्गत कतिपय सड़क के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 7-श्री अशरफ अली खान | जनपद शामली के विकास खण्ड शामली के अन्तर्गत कतिपय सी0 सी0 मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 8-श्री नफीस अहमद | प्रदेश के होम्योपैथिक मेडिकल कालेज में संविदा पर कार्यरत शिक्षकों के नवीनीकरण में उत्पन्न समस्या के सम्बन्ध में। |
| 9-श्री राम अचल राजभर | जनपद अम्बेडकर नगर के विधान सभा क्षेत्र अकबरपुर के अन्तर्गत सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 10-श्री समरपाल सिंह | जनपद अमरोहा के विधान सभा क्षेत्र नौगावां सादात के अन्तर्गत सड़क निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 11-श्री प्रभु नारायण सिंह यादव | जनपद चन्दौली के विकास खण्ड सकलडीहा के ग्राम बासनी में सड़क मार्ग के निर्माण के सम्बन्ध में। |
| 12-श्री वीरेन्द्र चौधरी | जनपद महराजगंज के जिले के अधिकारियों द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में। |
| 13-श्री राजीव सिंह उर्फ बब्बू भईया | जनपद बदायूं के ग्राम अटेना में कतिपय घाटों के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में। |
| 14-श्री मौहम्मद फहीम इरफान | जनपद मुरादाबाद के बिलारी में सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र की मरम्मत के सम्बन्ध में। |
| 15-डॉ0 राजेश्वर सिंह | जनपद लखनऊ के सरोजनीनगर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मूलभूत सुविधाओं हेतु अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध। |

| मा0 सदस्य का नाम | विषय |
|---|---|
| 16–श्री संजीव अग्रवाल | लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान राशि एवं सुविधाओं में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 17–श्री जवाहर लाल राजपूत | जनपद झाँसी के गुरसराय ब्लाक में बडवार लिफ्ट कैनाल में पानी डलवाए जाने के सम्बन्ध में। |
| 18–श्री विपुल दुबे | उत्तर प्रदेश के नगर विकास में श्रेणी–3 के अधिशासी अधिकारियों की नियुक्ति/पदोन्नति के सम्बन्ध में। |
| 19–डॉ0 आर0 के0 पटेल | जनपद जौनपुर के मडियाहूं विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम सभा ठाठर गोपालापुर में 132 के0 वी0 विद्युत सब-स्टेशन बनाये जाने के सम्बन्ध में। |
| 20–डॉ0 पल्लवी पटेल | जनपद लखनऊ के अलीगंज स्थित राज्य सम्पत्ति विभाग के एम0 आई0 जी0 कालोनी में सीवर लाइन तथा पेयजल आपूर्ति की लाइन बदले जाने के सम्बन्ध में। |
| 21–श्री मो0 ताहिर खान | जनपद सुल्तानपुर के इसौली विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड धनपतगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सभी व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 22–श्री अनिल कुमार सिंह | जनपद उन्नाव के विधान सभा क्षेत्र पुरवा के अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना किये जाने के सम्बन्ध में। |
| 23–श्री राम चन्द्र यादव | जनपद अयोध्या के रुदौली में कतिपय मार्ग के मरम्मत के सम्बन्ध में। |

तदपुरान्त श्री अध्यक्ष ने श्री हरविन्दर कुमार साहनी, सदस्य, विधान सभा को आज उनके जन्म दिन के अवसर पर सदन की ओर से बधाई दी।

संसदीय कार्य मंत्री ने आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–2 द्वारा उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद् का आर्थिक चिट्ठा एवं आय-व्यय खाता वित्तीय वर्ष 2021–2022 को उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद् अधिनियम, 1965 की धारा–63 की उपधारा–5 (क) के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखा।

वित्त मंत्री ने वित्त परीक्षण प्रकोष्ठ द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2020–21 (भाग–1 से भाग–9 तक) को उत्तर प्रदेश पंचायत राज (सत्रहवाँ संशोधन) नियमावली, 2011 के नियम–186 एवं उत्तर प्रदेश जिला पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत (बजट तथा सामान्य लेखा) (छठवाँ संशोधन) नियमावली, 2011 के नियम–176 के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखा।

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने परिवहन अनुभाग–3 की अधिसूचना संख्या–129/2025-2853-तीस-3-2025, दिनांक 11 दिसम्बर, 2025 को मोटरयान

अधिनियम, 1988 की धारा–212 की उपधारा–5 के अधीन विलम्ब के कारण सहित सदन के पटल पर रखा।

श्री राकेश प्रताप सिंह, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र मलिहाबाद के काकोरी में ग्राम करझन में श्री राम शंकर तिवारी के बाग में सरकारी ट्यूबवेल लगवाये जाने के सम्बन्ध में श्री करन सिंह व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका व्यपगत हुई।

श्री वीर विक्रम सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद शाहजहाँपुर के विकास खण्ड खुदागंज के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 730 सी पर ग्राम कसरक से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 हुलासनगर रेलवे फाटक तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुरेन्द्र गंगवार व अन्य निवासीगण जनपद शाहजहाँपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री सुरेश कुमार, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद सुल्तानपुर के विकास खण्ड बल्दीराय के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डीह में पूरे अवस्थी से किशुनपुर तक लगभग 700 मी0 सी0सी0/इण्टरलॉकिंग का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री गोकरन व अन्य निवासीगण जनपद सुल्तानपुर की याचिका व्यपगत हुई।

इंजी0 सचिन यादव उर्फ जखई, सदस्य, विधान सभा की जनपद फिरोजाबाद विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत विकास खण्ड एका के मुस्तफाबाद से अवागढ़ मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विपन कुमार व अन्य निवासीगण जनपद फिरोजाबाद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री विनोद सरोज, सदस्य, विधान सभा की जनपद प्रतापगढ़ की तहसील सदर के अन्तर्गत पल्टन बाजार की कचहरी रोड पर नियम विरुद्ध जारी किये गये मानचित्र एवं अनापत्ति प्रमाण–पत्र निरस्त किये जाने के सम्बन्ध में श्री ज्ञानेन्द्र सिंह, निवासी जनपद प्रतापगढ़ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री मूल चन्द्र सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद जालौन के तहसील माधौगढ़ के अन्तर्गत औरेखी अमखेड़ा सरावन मड़ोरा हदरूख मार्ग के किमी0–15 में स्थित सरावन आबादी भाग में सी0सी0 कार्य एवं किमी0–16 से 18 तक मार्ग चौड़ीकरण का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनीष नायक व अन्य निवासीगण जनपद जालौन की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री सत्यपाल सिंह राठौर, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद एटा के धुमरी-सिड़पुरा रोड पर कस्बा धुमरी के अन्तर्गत धुमरी से पटियाली एवं धुमरी से सिड़पुरा तक मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री कालीचरन व अन्य निवासीगण जनपद एटा की याचिका व्यपगत हुई।

डॉ0 आर0 के0 पटेल, सदस्य, विधान सभा की जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र-370, मड़ियाहूँ के अन्तर्गत सैदीपुर मार्ग का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री प्रवेश पाल व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती पूनम संखवार, सदस्य, विधान सभा की जनपद कानपुर देहात के विकास खण्ड रसूलाबाद के अन्तर्गत ग्राम बिजईपुर से गुलाबा पुरवा होते हुए भौरा तक डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अनिल नायक व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर देहात की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री प्रभात कुमार वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद गोण्डा के विधान सभा क्षेत्र गौरा के अन्तर्गत आकांक्षी विकास खण्ड बभनजोत के ग्राम पंचायत केशवनगर ग्रन्ट व ग्राम पंचायत दौलतपुर ग्रन्ट में 33/11 विद्युत सब-स्टेशन की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सूर्य कुंवर वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद गोण्डा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री प्रेम नरायन पाण्डेय, सदस्य, विधान सभा की जनपद गोण्डा की तहसील तरबगंज के अन्तर्गत विकास खण्ड तरबगंज के ग्राम पंचायत विशुनपुर में प्रस्तावित सरकारी भूमि पर गौ-संरक्षण केन्द्र (गौशाला) का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सचिन दुबे व अन्य निवासीगण जनपद गोण्डा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अजय सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद गोण्डा के विधान सभा क्षेत्र करनैलगंज के अन्तर्गत सरयू नदी के मनिहारी घाट पर सेतु का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बृजेश कुमार सिंह व अन्य निवासीगण जनपद गोण्डा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री शफीक अहमद अंसारी, सदस्य, विधान सभा की जनपद रामपुर की तहसील स्वार में स्थित पुरानी तहसील की भूमि गाटा संख्या-185, क्षेत्रफल 0.506 हे0 को निःशुल्क/लीज/सशुल्क नगर पालिका स्वार को हस्तान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में श्री इस्लाम हुसैन व अन्य निवासीगण जनपद रामपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री लक्ष्मी राज सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद बुलन्दशहर के विकास खण्ड सिकन्दराबाद के गांव महेपा जागिर में तालाब के पास से कच्चे मार्ग से लगे भाग पर पिचिंग वाल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री भारत पाल व अन्य निवासीगण जनपद बुलन्दशहर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री विनोद चतुर्वेदी, सदस्य, विधान सभा की जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र कालपी के अन्तर्गत विकास खण्ड महेबा के ग्राम बम्हौरा से रिछारा के मध्य लघु सेतु का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बृजराज यादव व अन्य निवासीगण जनपद जालौन की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री रामखिलाड़ी सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद सम्भल के विधान सभा क्षेत्र-111, गुन्नौर के अन्तर्गत ग्राम मड़कावली में 33/11 के0वी0 का विद्युत उपकेन्द्र की

स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नेत्रपाल व अन्य निवासीगण जनपद सम्भल की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री जै किशन साहू, सदस्य, विधान सभा की जनपद गाजीपुर के विधान सभा क्षेत्र सदर के अन्तर्गत विकास खण्ड करण्डा की ग्राम सभा अलीपुर बनगवां में मकानु यादव के घर से रामग्रह पाण्डेय के मशीन तक खड़न्जा/इण्टरलॉकिंग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में विजय पाण्डेय व अन्य निवासीगण जनपद गाजीपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती विजमा यादव, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद प्रयागराज के विधान सभा क्षेत्र व विकास खण्ड प्रतापपुर ग्राम वरेस्ता खुर्द नहर की पटरी पर पक्की सड़क से राम करन के घर से होते हुए आगे बस्ती तक इण्टरलॉकिंग का कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री धर्मराम यादव व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका व्यपगत हुई।

श्री लकी यादव, सदस्य, विधान सभा की जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र-367, मल्हनी के अन्तर्गत ग्राम खमपुर में चन्द्रबली के घर से विमल शर्मा जमुना पाण्डेय के घर तक आर0सी0सी0 मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री ओम प्रकाश यादव व अन्य निवासीण जनपद जौनपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती रेखा वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद औरैया के विधान सभा क्षेत्र- 202, बिधूना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कनमउ व अन्य में सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अनवर यादव व अन्य निवासीगण जनपद औरैया की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अरमान खान, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र मध्य लखनऊ के अन्तर्गत राजाजीपुरम में चांद वाली मस्जिद के पास वसीम जहाँ के मकान से लेकर चाँद वाली गली तक सीवर लाइन का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नौशाद खान व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका व्यपगत हुई।

श्री मौहम्मद फहीम इरफान, सदस्य, विधान सभा की जनपद मुरादाबाद के मुरादाबाद में साहूकार (मनी लेंडर) लाइसेंस के नवीकरण एवं नवीन लाइसेंस जारी करने के सम्बन्ध में श्री चिराग अग्रवाल व अन्य निवासीगण जनपद मुरादाबाद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री रामरतन कुशवाहा, सदस्य, विधान सभा की जनपद ललितपुर की विधान सभा क्षेत्र-226, ललितपुर क्षेत्रान्तर्गत देवगढ़ रोड से जीरोन रेलवे स्टेशन सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सूरज पटेल व अन्य निवासीगण जनपद ललितपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद इटावा के विधान सभा क्षेत्र भरथना के अन्तर्गत इटावा-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग एन0एच0-19 से काली माता मन्दिर तक लगभग 400 मीटर डामर सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अजीत सिंह व अन्य निवासीगण जनपद इटावा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री महेन्द्र नाथ यादव, सदस्य, विधान सभा की जनपद बस्ती के सांउघाट ब्लाक के ग्राम कसैला के तिलक पुरवा से अनुवा गांव तक सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जितेन्द्र चौधरी व अन्य निवासीगण जनपद बस्ती की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अभय सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद लखनऊ के विधान सभा क्षेत्र मलिहाबाद में ग्राम गोहरामऊ से करझन होते हुए अजमत नगर तक मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री गोलू यादव व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री पंकज सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद गौतमबुद्धनगर के ग्राम निठारी में जर्जर बारात घर का पुनर्निर्माण कराये जाने के सन्दर्भ में श्री पवन शर्मा व अन्य निवासीगण जनपद गौतमबुद्धनगर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 मुकेश चन्द्र वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद फिरोजाबाद की विधान सभा क्षेत्र शिकोहाबाद के अन्तर्गत एक राजकीय महिला डिग्री कॉलेज की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री भूपेन्द्र व अन्य निवासीगण जनपद फिरोजाबाद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 आर0 के0 वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद प्रतापगढ़ के विधान सभा क्षेत्र रानीगंज एवं विकास खण्ड शिवगढ़ में एक राजकीय डिग्री कालेज और एक राजकीय इण्टर कालेज की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रियाजुद्दीन व अन्य निवासीगण जनपद प्रतापगढ़ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राम अवतार सिंह, सदस्य, विधान सभा जनपद बिजनौर के ग्राम अहिरपुरा से मंगोलपुरा तक 2.00 किमी0 पक्की सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बहादुर सिंह व अन्य निवासीगण जनपद बिजनौर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री जय प्रकाश अंचल, सदस्य, विधान सभा क्षेत्र की जनपद बलिया के विधान सभा क्षेत्र बैरिया के अन्तर्गत सावन छपरा भगवानपुर मार्ग से भोजापुर होकर सोनबरसा मार्ग तक जाने वाले मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विनायक मौर्या व अन्य निवासीगण जनपद बलिया की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राहुल राजपूत उर्फ राहुल लोधी, सदस्य, विधान सभा क्षेत्र जनपद रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र हरचन्दपुर के अन्तर्गत ग्राम सभा शोरा के खुचमा गांव से ग्राम सभा का सोखास व अन्य 10 गांवों को जोड़ने वाली सड़क ग्राम खुचमा से ओदर गांव तक की सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री महेश पासवान व अन्य निवासीगण जनपद रायबरेली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री वाचस्पति, सदस्य, विधान सभा की राज्य सरकार के जमुना पार में बाण सागर परियोजना का पानी बारा टोंस नहरों जैसे मैदा, चाँदी गौहानी, अतरसुइया आदि माइनरों में

समय से पानी पहुँचाने के सम्बन्ध में श्री फूलचन्द्र पटेल निवासी ग्राम बुदाँवा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 अमित सिंह चौहान, सदस्य, विधान सभा की जनपद अयोध्या की तहसील व विकास खण्ड-सोहावल के ग्राम पंचायत दिनकरपुर में पक्की सड़क से रामविजय यादव के घर तक की सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अनिल कुमार यादव व अन्य निवासीगण जनपद अयोध्या की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री मोहम्मद हसन 'रूमी', सदस्य, विधान सभा की जनपद कानपुर नगर की छावनी विधान सभा क्षेत्र के वार्ड-99, सुजातगंज चंदारी के अन्तर्गत जे0एन0यू0आर0एम0 कार्यक्रम के अन्तर्गत सुजातगंज चंदारी क्षेत्र में जल निगम द्वारा निर्मित जलाशय को सुचारु रूप से चालू कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नूज जहाँ नफीस अहमद व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर नगर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री नन्दकिशोर, सदस्य, विधान सभा की जनपद गाजियाबाद के लोनी के अन्तर्गत केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राजकुमार चौधरी व अन्य निवासीगण जनपद गाजियाबाद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री श्रीकान्त कटियार, सदस्य, विधान सभा की जनपद उन्नाव के विधान सभा क्षेत्र बाँगरमऊ क्षेत्र के ग्राम पंचायत खुशरूपुर के मजरा भिखारीपुर में डामर रोड से संतन बंगला तक नवीन डामर रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री धनीराम निषाद व अन्य निवासीगण जनपद खुशरूपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री देवेन्द्र कुमार निम, सदस्य, विधान सभा की जनपद सहारनपुर में नसरतपुर में शमशान घाट तक नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनीष पुत्र व अन्य निवासीगण जनपद सहारनपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अनुराग सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद मीरजापुर के विकास खण्ड सीखड़ के अन्तर्गत ग्राम मेडिया में निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम में दो हजार दर्शकों के बैठने हेतु स्टैण्ड का निर्माण/पैदल पथ तथा एक स्वीमिंग पूल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री प्रवीण कुमार व अन्य निवासीगण जनपद मीरजापुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री सर्वेश सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद फिरोजाबाद के विधान सभा क्षेत्र सिरसागंज के ब्लॉक मदनपुर में नसीरपुर पुन्छा मार्ग मदन के खेत से बलालपुर तक का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री कन्हैया व अन्य निवासीगण जनपद फिरोजाबाद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री विवेक कुमार वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद पीलीभीत की तहसील बीसलपुर के अन्तर्गत बाढ़ से क्षतिगस्त गांव पुरैनिया रामगुलाम से गझाड़ा के मध्य लघु सेतु का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रवि प्रजापति व अन्य निवासीगण जनपद पीलीभीत की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री बाबूलाल, सदस्य, विधान सभा की जनपद आगरा के ब्लॉक फतेहपुर सीकरी के ग्राम हंसपुरा देवी माता मन्दिर से पक्की सड़क तक का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुनील पाराशर व अन्य निवासीगण जनपद आगरा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती इन्द्राणी देवी, सदस्य, विधान सभा की जनपद श्रावस्ती के विधान सभा क्षेत्र भिनगा, जनपद श्रावस्ती के अन्तर्गत ब्लाक हरिहरपुररानी के ग्राम सेमरी चौराहा में नाली का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री आर्यमान वर्मा व अन्य निवासीगण जनपद श्रावस्ती की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री दुर्गा प्रसाद यादव, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र सदर के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री महेन्द्र यादव व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका उपस्थित व्यपगत हुई।

डॉ0 पल्लवी पटेल, सदस्य, विधान सभा की जनपद कौशाम्बी के विकास खण्ड कड़ा के धाऊमाई नदी पुल के पास से खत्रीपुर फतेहपुर बार्डर से खत्रीपुर फतेहपुर बार्डर तक की सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री पूजा सरोज व अन्य निवासीगण जनपद कौशाम्बी की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री गौरव कुमार, सदस्य, विधान सभा की जनपद बाराबंकी के विधान सभा क्षेत्र जैदपुर के ब्लाक बंकी में बाराबंकी-फतेहपुर मार्ग से जहांगीराबाद-सदरुद्दीन मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री कौशल यादव व अन्य निवासीगण जनपद बाराबंकी की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती सरोज कुरील, सदस्य, विधान सभा की जनपद कानपुर नगर में सरदे गोपालपुर से शीतलपुर गांव तक के काले डामर रोड का निर्माण व नरवा के पास पुलिया का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री दीपक व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर नगर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री प्रदीप कुमार चौधरी, सदस्य, विधान सभा की जनपद बुलन्दशहर के विधान सभा क्षेत्र सदर के अन्तर्गत 4 ग्राम जालखेडा में हजीरा राजस्व बम्बे के पुल से बड़े शिव मन्दिर से होकर बूली पंजाबी के घर तक का रास्ता बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री विपिन जादौन व अन्य निवासीगण जनपद बुलन्दशहर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री पल्टूराम, सदस्य, विधान सभा की जनपद बलरामपुर के विधान सभा क्षेत्र बलरामपुर सदर के अन्तर्गत बहुप्रतीक्षित मार्ग कोयलरा बैजपुर कल्लाभट्ठा मार्ग का अवशेष भाग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में एड0 पवन शुक्ला व अन्य निवासीगण जनपद बलरामपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री समरपाल सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद अमरोहा के अन्तर्गत ग्राम मिट्टेपुर जब्बारपुर ब्लाक अमरोहा से सिरसा जट तक कच्ची सड़क (01 किमी0) मार्ग का

निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अफसर खान व अन्य निवासीगण जनपद अमरोहा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री बम्बा लाल, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद उन्नाव विधान सभा क्षेत्र सफीपुर के अन्तर्गत अलीपुर मिचलौला से डीहा बकतौली खेडा होते हुए बघवाकोला तक मार्ग का डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अवधेश सिंह व अन्य निवासीगण जनपद उन्नाव की याचिका व्यपगत हुई।

डॉ0 एम0पी0 आर्य, सदस्य, विधान सभा की जनपद बरेली की विधान सभा क्षेत्र-121, नवाबगंज के अन्तर्गत विकास खण्ड नवाबगंज के ग्राम शाहपुर इनायतुल्लाह रेलवे फाटक से सैदपुरसरौरा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जगपाल व अन्य निवासीगण जनपद बरेली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री मुकेश चौधरी, सदस्य, विधान सभा की जनपद सहारनपुर के विधान सभा क्षेत्र-02, नकुड़ के विकास खण्ड नकुड़ के ग्राम गुमटी के राजकीय इण्टर कालेज की दीवार का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री बाबू खां व अन्य निवासीगण जनपद सहारनपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती शुचिस्मिता मौर्या, सदस्य, विधान सभा की जनपद मिर्जापुर की तहसील मिर्जापुर के अन्तर्गत विकास खण्ड पहाड़ी में सिंचाई एवं पेयजल की समस्या का समाधान कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अशोक मौर्या व अन्य निवासीगण जनपद मिर्जापुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री सुरेन्द्र मैथानी, सदस्य, विधान सभा की जनपद कानपुर नगर के विधान सभा क्षेत्र गोविन्दनगर के अन्तर्गत पनकी धाम रेलवे स्टेशन के निकट कई वर्षों पूर्व चिकित्सालय हेतु आवंटित भूमि पर आयुर्वेदिक अस्पताल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री कौशलेन्द्र परिहार व अन्य निवासीगण जनपद कानपुर नगर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राम अचल राजभर, सदस्य, विधान सभा की जनपद अम्बेडकरनगर के विकास खण्ड अकबरपुर के अन्तर्गत ग्राम रायपुर अहेथा महरूआ मार्ग पर अच्छेलाल गुप्ता के मकान से जोगापुर पारसनाथ यादव के मकान तक मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री पारसनाथ व अन्य निवासीगण जनपद अम्बेडकरनगर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 रागिनी, सदस्य, विधान सभा की जनपद जौनपुर के मछलीशहर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मड़ियाहूँ-मछलीशहर मार्ग में ग्राम सभा बडेरी से ग्राम सभा कसनही सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री धर्मेन्द्र यादव व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री पंकज पटेल, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद जौनपुर के विधान सभा क्षेत्र मुंगराबादशाहपुर के अन्तर्गत बेरमाव-हडवार मार्ग पर वसुही नदी पर पुलिया का

निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री हरओम मौर्या व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका व्यपगत हुई।

श्री कविन्द्र चौधरी, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद बस्ती, तहसील हर्रैया, विधान सभा क्षेत्र कप्तानगंज के अन्तर्गत विकास खण्ड गौर के अन्तर्गत बाघाकाण्डर प्राथमिक विद्यालय से ग्राम अधेड़ी तक मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री विरेन्द्र यादव व अन्य निवासीगण जनपद बस्ती की याचिका व्यपगत हुई।

श्री तसलीम अहमद, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र नजीबाबाद के ग्राम बड़िया से बाबा सती धार्मिक स्थल सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री गुरमेल सिंह व अन्य निवासीगण जनपद बिजनौर की याचिका व्यपगत हुई।

श्री राजेन्द्र कुमार मौर्य, सदस्य, विधान सभा की जनपद प्रतापगढ़ के विकास खण्ड मंगरौरा अन्तर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोंहडौर का बाउण्ड्रीवाल का पुनर्निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जितिन कुमार चतुर्वेदी व अन्य निवासीगण जनपद प्रतापगढ़ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 मनोज कुमार प्रजापति, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद हमीरपुर विकास खण्ड मौदहा के ग्राम भमई में चूनुवाद धुरिया के दरवाजे से बब्बू कोरी के दरवाजे तक सी0सी0 का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री जितेन्द्र पाल व अन्य निवासीगण जनपद हमीरपुर की याचिका व्यपगत हुई।

श्री रविदास मेहरोत्रा, सदस्य, विधान सभा की जनपद लखनऊ विधान सभा क्षेत्र लखनऊ मध्य के अन्तर्गत राजा बाजार से यहियागंज चौराहे तक सीवर लाइन डलवाये जाने के सम्बन्ध में श्री मुम्तियाज सिद्दीकी व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री स्वामी ओउ्मवेश, सदस्य, विधान सभा की जनपद बिजनौर के विधान सभा क्षेत्र-23, चाँदपुर के अन्तर्गत विकास खण्ड जलीलपुर के ग्राम सैदपुर से लाटरा को जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत व नव निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री रामकरण सिंह व अन्य निवासीगण जनपद बिजनौर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री गौरी शंकर वर्मा (कोरी), सदस्य, विधान सभा की जनपद जालौन के विधान सभा क्षेत्र उरई के अन्तर्गत उरई नगर पालिका के मोहल्ला नया पटेल नगर में इन्द्रपाल के मकान से शिवनाथ प्रजापति के दरवाजे तक सी0सी0 निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री प्रशांत अवस्थी व अन्य निवासीगण जनपद जालौन की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती ओममणी वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद बांदा के विधान सभा क्षेत्र-234, नरैनी के अन्तर्गत बसराही से सढा सम्पर्क मार्ग जो प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्मित क्षतिग्रस्त मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री ओमप्रकाश राजपूत व अन्य निवासीगण जनपद बांदा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री शहजिल इस्लाम अंसारी, सदस्य, विधान सभा की जनपद बरेली, तहसील बरेली सदर के विकास खण्ड भोजीपुरा के ग्राम रमपुरा माफी मार्ग का डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री ताहिर खान व अन्य निवासीगण जनपद बरेली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती अनुपमा जायसवाल, सदस्य, विधान सभा की जनपद बहराइच के विधान सभा क्षेत्र बहराइच के विकास खण्ड पयागपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चंदवापुर के मनिहार पुरवा में लोनियापुरवा के तरफ डामर रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री मनीष देव त्रिपाठी व अन्य निवासीगण जनपद बहराइच की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राम मूर्ति वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद अम्बेडकरनगर के विधान सभा क्षेत्र टाण्डा के ब्लाक बसखारी के ग्राम मानिकपुर दलित बस्ती से लंगड़ी पृथ्वीपुर से होते हुए रामकिशुन राजभर की दुकान तक सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री दिलीप राजभर व अन्य निवासीगण जनपद अम्बेडकरनगर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री पीयूष रंजन निषाद, सदस्य, विधान सभा की जनपद प्रयागराज के विधान सभा क्षेत्र करछना के अन्तर्गत ग्राम सभा मकौड़ा (टी0सी0आई0) मार्ग से मोहब्बतगंज होते हुए बसवार सम्पर्क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री कैलाश नाथ, सदस्य, विधान सभा की जनपद बलरामपुर के विकास खण्ड तुलसीपुर स्थित ग्राम बलुआ मोड़ रानीजोत महादेव हरिहरनगर चोरघटिया नेबुआरिया मार्ग का प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री प्रवीण सिंह विक्की व अन्य निवासीगण जनपद बलरामपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री महबूब अली, सदस्य, विधान सभा की जनपद अमरोहा के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र-41, अमरोहा के मोहल्ला-कोट में स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर अल्ट्रासाउण्ड मशीन लगाए जाने के सम्बन्ध में श्री कामिल मलिक व अन्य निवासीगण जनपद अमरोहा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, सदस्य, विधान सभा की जनपद अमरोहा विकास खण्ड-गंगेश्वरी में ग्राम रहरा से भावली होते हुए सिरसा काई मलकपुर तक की सड़क का डामरीकरण/नाली निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री प्रमोद त्यागी व अन्य निवासीगण जनपद अमरोहा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री प्रभु नारायण सिंह यादव, सदस्य, विधान सभा की जनपद चन्दौली के विधान सभा क्षेत्र सकलडीहा केताजपुर गैस गोदाम से माया बस्ती सम्पर्क मार्ग के निर्माण कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री तेजू यादव व अन्य निवासीगण, जनपद चन्दौली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती गुड़िया देवी, सदस्य, विधान सभा की जनपद औरैया के एन0एच0-19 बाबरपुर-सिकरोडी वाया अमावत मार्ग पर अण्डरपास का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में

श्री विश्वजीत प्रताप सिंह व अन्य निवासीगण जनपद औरैया की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती सरिता भदौरिया, सदस्य, विधान सभा की जनपद इटावा विधान सभा क्षेत्र इटावा के अन्तर्गत तहसील इटावा के ब्लाक बढपुरा में ग्राम रूरा (पिलुआ महावीर) एवं ग्राम असवा के मध्य यमुना नदी पर सेतु का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री उमेश तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद इटावा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अशरफ अली खान, सदस्य, विधान सभा की जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र थाना भवन के ग्राम दरगाहपुर में मेन रोड से माता मंदिर तक सड़क मार्ग का विशेष मरम्मत/निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नीटू सरोहा व अन्य निवासीगण जनपद शामली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

डॉ0 सुरभी, सदस्य, विधान सभा की जनपद फर्रुखाबाद के विधान सभा क्षेत्र कायमगंज के अन्तर्गत कम्पिल सी0एच0सी0 पर पर्याप्त स्टाफ की नियुक्तियां कराये जाने के सम्बन्ध में श्री महेश शाक्य व अन्य निवासीगण जनपद फर्रुखाबाद की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राज प्रसाद उपाध्याय, सदस्य, विधान सभा की जनपद सुल्तानपुर के विधान सभा क्षेत्र सदर के विकास खण्ड मोतिगरपुर के ग्राम पंचायत शाहपुर लपटा में प्रस्तावित मिनी स्टेडियम का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री गया प्रसाद व अन्य निवासीगण जनपद सुल्तानपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती सैय्यदा खातून, सदस्य, विधान सभा की जनपद सिद्धार्थनगर विधान सभा क्षेत्र 306-डुमरियागंज के अन्तर्गत शाहपुर नेबुआ से बीरपुर कोहल्वा के बीच तटबन्ध के गैप भरने व तटबंध का मरम्मत कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में श्री नजीब मलिक व अन्य निवासीगण जनपद सिद्धार्थनगर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री मो0 ताहिर खान, सदस्य, विधान सभा की जनपद सुल्तानपुर, विधान सभा क्षेत्र-187, इसौली के अन्तर्गत दुबेपुर ब्लाक की ग्राम सभा बिकना पूरे कोदई के श्री विजय बहादुर के मकान से शहीद फौजी हरिकेश यादव व अन्य निवासीगण जनपद सुल्तानपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री चन्द्र प्रकाश लोधी (एडवोकेट), सदस्य, विधान सभा की जनपद फतेहपुर के विधान सभा क्षेत्र फतेहपुर अन्तर्गत ग्राम सराय मोहन सलेमपुर मजरे सुदामपुर में नहर की पुलिया का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री गिरीश कुमार व अन्य निवासीगण जनपद फतेहपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री हरिप्रकाश वर्मा, सदस्य, विधान सभा की जनपद शाहजहाँपुर के तहसील कलान में कटैला नगला से दशहरा वाले बाग से होते हुए एस0एच0-163 तक सड़क मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री योगेन्द्र सिंह व अन्य निवासीगण जनपद शाहजहाँपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री जगदीश नारायण, सदस्य, विधान सभा की जनपद जौनपुर के तहसील केराकत अन्तर्गत प्रमुख बाजार त्रिलोचन महादेव में बाजार की सड़क चौड़ी करने व नाली का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राहुल सेठ व अन्य निवासीगण जनपद जौनपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री मनीष रावत, सदस्य, विधान सभा की जनपद सीतापुर, विधान सभा क्षेत्र सिधौली अन्तर्गत ग्राम हमीरपुर को जाने वाले सड़क मार्ग व अन्य कतिपय मार्गों का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री शुभकरन रावत व अन्य निवासीगण जनपद सीतापुर याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री प्रसन्न कुमार, सदस्य, विधान सभा की जनपद शामली के विधान सभा क्षेत्र शामली सदर के मोहल्ला रेलापार के कुड़ाना रोड पर सूरजमल बिहार के निकट अनुज कुमार के मकान के बाहर गेट के सामने लगे ट्रांसफार्मर व 11,000 वोल्ट की विद्युत लाइन को स्थानान्तरित कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अनुज कुमार व अन्य निवासीगण जनपद शामली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राजकुमार सहयोगी, सदस्य, विधान सभा की जनपद अलीगढ़ के अन्तर्गत कस्बा इगलास में बाईपास का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुमित अग्रवाल व अन्य निवासीगण जनपद अलीगढ़ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्रीमती सलोना कुशवाहा, सदस्य, विधान सभा की जनपद शाहजहाँपुर के ग्राम पंचायत ढकिया तिवारी प्राथमिक विद्यालय से अक्षय धाम तक के मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सुनील प्रताप सिंह व अन्य निवासीगण जनपद शाहजहाँपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अशोक कुमार, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद रायबरेली के ब्लॉक सलोन के ग्राम सभा दरसवां में प्राचीन कमासिन धाम मन्दिर का सौन्दर्यीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अरविन्द कुमार पासी व अन्य निवासीगण जनपद रायबरेली की याचिका व्यपगत हुई।

श्री दीपक पटेल, सदस्य, विधान सभा की जनपद प्रयागराज के विकास खण्ड सहसों में 100 बेड का सरकारी अस्पताल बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री अरूण कुमार मिश्र व अन्य निवासीगण जनपद प्रयागराज की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री कमलाकान्त राजभर उर्फ पप्पू, सदस्य, विधान सभा की जनपद आजमगढ़ के विधान सभा क्षेत्र दीदारगंज की ग्राम पंचायत लसड़ा कला के पुलिया से लसड़ा खुर्द तक की सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सतीश राजभर व अन्य निवासीगण जनपद आजमगढ़ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अतुल प्रधान, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद मेरठ के विधान सभा क्षेत्र सरधना में निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच

कराए जाने के सम्बन्ध में श्री मोहित तोमर व अन्य निवासीगण जनपद मेरठ की याचिका व्यपगत हुई।

श्री श्याम सुन्दर, सदस्य, विधान सभा की जनपद रायबरेली के विधान सभा क्षेत्र बछरावां के अन्तर्गत महाराजगंज-हैदरगढ़ मार्ग से मझिगवां विकास खण्ड-महराजगंज तक मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री आदर्श भारती व अन्य निवासीगण जनपद रायबरेली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य, विधान सभा की जनपद लखीमपुर खीरी में मोहम्मदी को जिला बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री विवेक शुक्ला व अन्य निवासीगण जनपद लखीमपुर खीरी की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राजेन्द्र कुमार, सदस्य, विधान सभा की जनपद मऊ के विधान सभा क्षेत्र मुहम्मदाबाद गोहना के ग्राम पंचायत सुल्तानीपुर के अन्तर्गत सन्तोष प्रजापति के घर से अवधेश मौर्या के घर तक की सड़क का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री सन्तोष प्रजापति व अन्य निवासीगण जनपद मऊ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राजीव सिंह उर्फ बब्बू भईया, सदस्य, विधान सभा की जनपद बदायूँ के विधान सभा क्षेत्र दातागंज के विकास खण्ड-म्याऊँ के ग्राम सीमरिया देन्दू, जरतौली, चकवा रामगंगा नदी पर कटान से बचाव हेतु परियोजना बनाकर सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये जाने के सम्बन्ध में श्री विजय कुमार सिंह निवासी जनपद बदायूँ की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री आशु मलिक, सदस्य, विधान सभा की जनपद सहारनपुर की विधान सभा देहात के ग्राम पंचायत गागलहेड़ी में जिला पंचायत के अन्तर्गत रोड मक्का बाग गेस्ट हाउस से होकर गागलहेड़ी व हरोड़ाकट तक की मार्ग तथा देहरादून रोड पर भोपाल के मकान से वाजिद प्रधान के घर तक कब्रिस्तान की सड़क का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री फरमान अली व अन्य निवासीगण जनपद सहारनपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री मनोज कुमार पाण्डेय, सदस्य, विधान सभा की जनपद रायबरेली विधान सभा क्षेत्र ऊँचाहार के अन्तर्गत मोहल्ला देवनन्दपुर के निकट एफ0जी0आई0टी0 में सरकारी खड़न्जे को अवैध कब्जे से मुक्त कराके सड़क को पुनः चालू करे जाने के सम्बन्ध में श्री रत्नाकर सिंह निवासी जनपद रायबरेली की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री राजेश त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा की जनपद गोरखपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत चौतीसा के निकटा नेशनल हाई-वे गोरखपुर-वाराणसी राजमार्ग संख्या-29 से सरयू नहर की पटरी होते हुए तिहामोहम्मतदपुर, पुष्कर आदि सम्पर्क मार्गों का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री अभय कुमार राय व अन्य निवासीगण जनपद गोरखपुर की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री सुभाष त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा की जनपद बहराइच के अन्तर्गत सरयू नहर इटियाथोक, शाखा पयागपुर त्रिमुहानी से इटियाथोक पर ग्राम कुशमौना (पयागपुर) के निकट बड़े

वाहनों के आवागमन हेतु पुल का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में श्री उमा शंकर तिवारी व अन्य निवासीगण जनपद बहराइच की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अमरेश कुमार, सदस्य, विधान सभा की अनुपस्थिति में जनपद लखनऊ के आई0आई0एम0 रोड स्थित महर्षि विद्या मन्दिर स्कूल के सामने कूड़े को विस्थापित कराये जाने के सम्बन्ध में श्री राजेन्द्र सिंह व अन्य निवासीगण जनपद लखनऊ की याचिका व्यपगत हुई।

श्री ब्रजभूषण राजपूत, सदस्य, विधान सभा की जनपद महोबा, विधान सभा क्षेत्र चरखारी में विकास खण्ड जैतपुर के ग्राम जैतपुर को नगर पंचायत बनाये जाने के सम्बन्ध में श्री कौशल सोनी व अन्य निवासीगण जनपद महोबा की याचिका उपस्थित की हुई मानी गयी।

श्री अध्यक्ष द्वारा सदन को सूचित किया गया कि वर्ष 1985 से अब तक के पुराने सदस्यों के फोटोग्राफ्स कियॅास्क, उसे गैलरी से हटाकर अब विधान सभा के टण्डन हॉल में लगाया गया है, पर अपलोड की गयी है, जिसे मा0 सदस्य अपना नाम अथवा फेस स्कैन करके आवश्यकतानुसार डाउनलोड करके अपने मेल पर ट्रांसफर कर सकते हैं।

श्री अध्यक्ष ने सदन को यह भी सूचित किया कि 18वीं विधान सभा (विगत 4 वर्ष के घटनाक्रम पर) से सम्बन्धित एक फिल्म बनायी गयी है, जिसे दिनांक 12-02-2026 को सदन में दिखाई जाएगी। जिसमें 18वीं विधान सभा के समस्त मा0 सदस्यों की उपलब्धियां एवं योगदान है। उन्होंने इस अवसर पर सभी मा0 सदस्यों को उपस्थित रहने का अनुरोध किया।

तदपुरान्त श्री समरपाल सिंह द्वारा श्री इकबाल महमूद की भाँति अपने जर्जर सरकारी आवास का उल्लेख किये जाने पर श्री अध्यक्ष ने कहा कि इसकी जाँच करवा ली जाएगी।

श्री अध्यक्ष द्वारा सदन को यह सूचित किया गया कि माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा सदन में रात्रि 08 बजे तक होगी। उन्होंने सदस्यगण को अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रभावी ढंग से सदन में रखने का सुझाव देते हुए कहा कि संसदीय तरीके से मा0 सदस्य अपनी बात कहने के लिए स्वतन्त्र है।

आज नियम-56 के अन्तर्गत कुल 09 सूचनाएं प्राप्त हुई, जो कार्य-स्थगन प्रस्ताव के रूप में अग्राह्य हुई।

तदुपरान्त श्री अध्यक्ष ने सदन को सूचित किया कि कार्य-मंत्रणा में तय हुआ था कि नियम-56 में 20 मिनट में सदस्य अपनी बात समाप्त कर लें। मा0 मंत्री जी के लिए समय फिक्स करना उचित नहीं है, लेकिन यदि 10 मिनट में वे भी जवाब देंगे तो उचित रहेगा।

तदुपरान्त प्रदेश की बदहाल चिकित्सा व्यवस्था से उत्पन्न स्थिति विषयक अपनी कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना की ग्राह्यता पर विचार व्यक्त करते हुए डॉ0 आर0 के0 वर्मा ने कहा कि प्रदेश के अस्पतालों में आवश्यक डॉक्टर, रेडियोलाजिस्ट, दवाइयाँ व जाँच मशीनें उपलब्ध नहीं हैं, स्वास्थ्य विभाग आईसीयू में पड़ा है, फिर भी कागजों में सब कुछ बेहतर दिखाया जाता है। जिलों में ड्रग इंस्पेक्टर की नियुक्ति न होने के कारण नकली दवाईया खुलेआम बेची जा रही है। उन्होंने विषय को अविलम्बनीय एवं लोक महत्व का बताते हुए सदन की शेष कार्यवाही

रोककर इस पर चर्चा कराने की मांग की। श्री शाहिद मंजूर एवं श्री नफीस अहमद ने इस पर बल दिया।

इस पर संसदीय कार्य एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने शासन का पक्ष रखते हुए कहा कि प्रदेश में रेडियोलॉजिस्ट के 150 पद स्वीकृत हैं, जिनमें 129 भरे हुए हैं और शेष के लिए अधियाचन भेजा जा चुका है। पीएमएस संवर्ग में 20,099 पद स्वीकृत हैं, जिनमें 16,520 चिकित्सक कार्यरत हैं तथा 3,579 पद रिक्त हैं, जिनकी सूची आयोग को भेजी गई है। मेडिकल सप्लाई कॉरपोरेशन से कोई नकली दवा सप्लाई नहीं होती, यह कथन पूरी तरह मिथ्या है। प्रदेश के सभी जनपदीय औषधि भण्डारों में टीडीएल के अनुसार दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है। सरकार पूरे प्रदेश के हर जनमानस की सेवा करने के लिए तत्पर है। यदि कोई स्पेशिफिक शिकायत होगी तो उसकी जाँच कराकर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

तदुपरान्त सूचना अग्राह्य हुई।

नगर विकास विभाग में योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन से तथा नीतियों की विफलता से उत्पन्न स्थिति विषयक अपनी कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना की ग्राह्यता पर विचार व्यक्त करते हुए श्री कमाल अख्तर ने कहा कि नगर विकास विभाग द्वारा वर्ष 2024 में एक सरकारी गजट सभी नगर पंचायत और नगर पालिकाओं के अन्दर भेजा गया। इस गजट के अन्दर गरीब, मजलूम, कमजोर, ठेला लगाने वालों पर भी भारी-भरकम टैक्स लगाया गया है। नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों की सीमा विस्तार कर विपक्षी चेयरमैनों को हराने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि पहले शहरीकरण के आधार पर होता था। उन्होंने दूर के गाँवों को जोड़ने के बजाय मानकों के अनुसार नई नगर पंचायतें बनाने की मांग की तथा विषय को अविलम्बनीय एवं लोक महत्व का बताते हुए सदन की शेष कार्यवाही रोककर इस पर चर्चा कराने की मांग की। श्री रविदास मेहरोत्रा ने इस पर बल दिया।

इस पर नगर विकास मंत्री ने शासन का पक्ष रखते हुए कहा कि नगर विकास में टेक्नोलॉजी का उपयोग करके शहर स्वच्छ और बेहतर बनाया जा रहा है। हालिया सर्वेक्षण में लखनऊ देश के शहरों में तीसरा सबसे स्वच्छ शहर बना है।

तदुपरान्त सूचना अग्राह्य हुई।

तदुपरान्त डॉ0 नीलकण्ठ तिवारी ने निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किया :-

''यह सदन श्री राज्यपाल के अभिभाषण के लिए, जो उन्होंने राज्य विधान मण्डल के एक साथ सम्वेत दोनों सदनों के समक्ष दिनांक 09 फरवरी, 2026 को दिया है, कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करता है।''

डॉ0 नीलकण्ठ तिवारी के भाषण के मध्य सायं 04 बजकर 01 मिनट पर अधिष्ठाता श्री मनीष असीजा पीठासीन हुए।

डॉ0 नीरज बोरा ने उक्त प्रस्ताव का समर्थन किया।

निम्नलिखित सदस्यों ने भी चर्चा में भाग लिया :-

श्री शिवपाल सिंह यादव,

श्री शलभ मणि त्रिपाठी,

इसी मध्य श्री अधिष्ठाता ने अभिभाषण पर चर्चा हेतु मा0 सदस्यों के लिए 06 मिनट का समय निर्धारित किया।

निम्नलिखित सदस्यों ने भी चर्चा में भाग लिया :-

श्री संजीव अग्रवाल,

श्री ओम प्रकाश,

श्री राजीव सिंह उर्फ बब्बू भईया,

श्रीमती नीलिमा कटियार,

श्री रामअचल राजभर,

श्री मूलचन्द्र सिंह,

श्रीमती शुचिस्मता मौर्या,

श्रीमती इन्द्राणी देवी,

श्री वाचस्पति,

श्री सुरेन्द्र चौरसिया,

डॉ0 संग्राम यादव,

श्री पल्टूराम,

श्री राम फेरन पाण्डेय,

श्री पंकज पटेल,

श्री जयद्रथ उर्फ प्रवक्तानन्द,

श्री हरीश चन्द्र के भाषण के मध्य सायं 07 बजकर 05 मिनट पर अधिष्ठाता डॉ0 मंजू शिवाच पीठासीन हुईं।

निम्नलिखित सदस्यों ने भी चर्चा में भाग लिया :-

श्री राकेश कुमार यादव,

श्री गणेश चन्द्र,

श्री प्रदीप कुमार चौधरी,

श्रीमती पूजा,

श्री अशरफ अली खान के भाषण के मध्य रात्रि 07 बजकर 44 मिनट पर श्री अध्यक्ष पुनः पीठासीन हुए।

श्री अध्यक्ष ने श्री अशरफ अली खान के शेष भाषण को लिखित रूप में दिये जाने हेतु एवं कार्यवाही का भाग बनाये जाने के निर्देश दिये।

निम्नलिखित सदस्यों ने भी चर्चा में भाग लिया :-

श्री अजय,

श्री प्रदीप कुमार यादव,

श्री विपुल दूबे के भाषण के उपरान्त चर्चा आगे के लिए जारी हुई।

**आज दिनांक 11 फरवरी, 2026 को नियम-51 के अन्तर्गत कुल 107 सूचनाएं प्राप्त हुई, निम्नलिखित मा0 सदस्यों की सूचनाएं वक्तव्य हेतु स्वीकृत हुई :-**

| मा0 सदस्य का नाम | विषय |
|---|---|
| 1-श्री दुर्गा प्रसाद यादव | उ0प्र0 के समस्त चिकित्सालयों में एंटी रेबीज सीरम इंजेक्शन उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 2-श्री ओम प्रकाश | कामाक्षा परिसर, जनपद वाराणसी में अवैध तरीके से किये जा रहे होटल के निर्माण को रोकने के सम्बन्ध में। |
| 3-श्री मनोज कुमार पारस | विधान सभा क्षेत्र नगीना जनपद बिजनौर हरेवली नगीना अकबराबाद, किरतपुर (MDR-171W) मार्ग के शेष पार्ट ग्राम गढीवान से अकबराबाद-नगीना होते हुए ग्राम बुढावाला तक लम्बाई लगभग 15.00 किमी0 मार्ग को चौड़ीकरण एवं शुद्धिकरण कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 4-डॉ0 रागिनी | विधान सभा क्षेत्र मछलीशहर के मुख्य मार्ग से ग्राम सभा मडैया भुभुवार तक 1.5 किमी0 सड़क का मरम्मत कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 5-श्री मनोज कुमार पाण्डेय | जनपद रायबरेली के विकास खण्ड जगतपुर से निकलने वाला इसौर नाले की सफाई कराने के विषय में। |
| 6-श्री कमाल अख्तर | कांठ विधान सभा क्षेत्र के ग्राम चोहरा रसूलपुर में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से बने मॉडल राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज को प्रारम्भ करवाने के सम्बन्ध में। |
| 7-श्री स्वामी ओऽमवेश | विधान सभा क्षेत्र चाँदपुर के अज्जू नंगली से चाँदपुर चीनी मिल मार्ग तक डामरीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में। |

**निम्नलिखित मा0 सदस्यों की सूचनाएं केवल वक्तव्य हेतु स्वीकृत हुई :-**

| | |
|---|---|
| 1-श्री बाबूलाल | विधान सभा क्षेत्र फतेहपुर सीकरी के ब्लॉक अछनेरा के खण्ड विकास अधिकारी व अन्य अधिकारियों के अवैध कार्यों की टीएसी जाँच के विषय में। |

| मा0 सदस्य का नाम | विषय |
| --- | --- |
| 2–श्रीमती सरोज कुरील | घाटमपुर विधान सभा अन्तर्गत हरबसपुर साखेहारी मेन रोड से ग्राम डिबरी तक काले डामर रोड का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में। |

**निम्नलिखित मा0 सदस्यों की सूचनाएं ध्यानाकर्षण हेतु स्वीकृत हुई :-**

| | |
| --- | --- |
| 1–श्री देवेन्द्र कुमार निम | जनपद शामली के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा कराये गये कार्यों की जाँच कराये जाने के सम्बन्ध में। |
| 2–श्री कमलाकान्त राजभर उर्फ पप्पू | विधान सभा क्षेत्र दीदारगंज, आजमगढ़ अन्तर्गत पुष्पानगर सब स्टेशन में ट्रान्सफार्मर बदलवाये जाने के सम्बन्ध में। |
| 3–श्री रवि शर्मा | झाँसी महानगर में कोछाभांवर, टांकोरी, मुस्तरा एवं पिछोर क्षेत्र में स्थित विकसित कालोनियों की भूमि के अधिग्रहण प्रस्ताव को निरस्त कराने के सम्बन्ध में। |
| 4–श्री माता प्रसाद पाण्डेय | विकास खण्ड-रूधौली जनपद बस्ती के खण्ड विकास अधिकारी द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में। |

शेष सूचनाएं अस्वीकृत हुईं।

तदुपरान्त सदन का उपवेशन रात्रि 08 बजकर 05 मिनट पर अगले दिन के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुआ।

**प्रदीप कुमार दुबे,**
प्रमुख सचिव,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

---

स्वीकृत,
**सतीश महाना,**
अध्यक्ष,
विधान सभा, उत्तर प्रदेश।

पी0एस0यू0पी0–एल0 228 विधान सभा (378)–13–02–2026–50 प्रतियां (कम्प्यूटर)।